# राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान

# (RUSA)

के अन्तर्गत

# शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय

## महासमुंद (छ.ग.)

## द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रतिवेदन

## (वर्ष 2015–16)

Scanned by CamScanner

# राष्ट्रीय उच्चंतर शिक्षा अभियान (RUSA) के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

विषयः–"**परीक्षा परिणामों की समीक्षा एवं कक्षावार महाविद्यालयीन परफार्मेंस प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण**"

दिनांक :– **05 दिसंबर, 2015**

**कार्यक्रम की रूपरेखा :–**

10:00 – पंजीयन प्रारंभ

11:00 – उद्घाटन समारोह

–सरस्वती पूजन

–अतिथियों का स्वागत

–स्वागत भाषण : **डॉ. स्वेतलाना नागल** (RUSA) संयोजक

11:30 – प्रथम सत्र – परीक्षा परिणामों की विषयवार समीक्षा – संबंधित विषय के सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता

कार्यक्रम की प्रथम अतिथि वक्ता द्वारा उद्बोधन – **श्रीमती रागिनी चन्द्राकर** सदस्य महाविद्यालयीन आई.क्यू.ए.सी.

01:30 – स्वल्पाहार

02:00 – द्वितीय सत्र : परिचर्चा

विषय "कक्षावार महाविद्यालयीन परफार्मेंस प्रतिवेदन हेतु विचार–विमर्श"

कार्यक्रम के द्वितीय अतिथि वक्ता द्वारा उद्बोधन – **श्री माधवराव टांकसाले** सदस्य महाविद्यालयीन आई.क्यू.ए.सी.

**प्राचार्य – डॉ. सरिता सिन्हा** द्वारा उद्बोधन

धन्यवाद ज्ञापन – **डॉ. सरस्वती वर्मा**

राष्ट्रगान एवं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा

Scanned by CamScanner




Scanned by CamScanner

**दिनांक 05/12/2015**

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**विषय** :– परीक्षा परिणामों की समीक्षा एवं कक्षावार महाविद्यालयीन परफार्मेंस प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण।

**प्रतिभागियों की संख्या – 13**

**उद्देश्य** :– इस कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा 2015 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा कर कमजोर बिन्दुओं को चिन्हित करते हुए, उसमें आवश्यक सुधार के उपाय व सुझाव प्रदान कर उन पर अमल करना था ताकि आगामी परीक्षाओं में छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर हो सके ।

**कार्यशाला का संक्षिप्त उल्लेख** :– दिनांक 05/01/2016 को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में अतिथि गण के रूप में श्रीमती रागिनी चन्द्राकर, सदस्य महाविद्यालयीन आई.क्यू.ए.सी. सदस्य व प्राचार्य छ.ग. उच्च. माध्य. शाला महासमुन्द एवं श्री माधव राव टांकसाले सदस्य महाविद्यालयीन आई.क्यू.ए.सी. तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता सिन्हा एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में सहायक प्राध्यापक व अतिथि व्याख्याताओं द्वारा सत्र 2014–15 के वार्षिक परिणामों की विषयवार समीक्षा प्रस्तुत की गई। जिसके अन्तर्गत उत्तीर्ण, अनुत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिशत, आंकड़ों के रूप में प्रस्तुत किया गया (Table 1-3) साथ ही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों में सम्पन्न कराए जाने वाली गतिविधियों एवं कमजोर छात्राओं हेतु किए गए प्रयासों जानकारी दी गई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में प्राध्यापकों के बीच परिचर्चा आयोजित की गयी जिसमें महाविद्यालयीन परफार्मेंस को सुधारने हेतु आवश्यक कदम एवं सुझाव आमंत्रित किये गये । इस परिचर्चा में महाविद्यालय के औसत प्रदर्शन के निम्नलिखित कारण सामने आये :–

- कला संकाय में नियमित प्राध्यापको की कमी एवं वैकल्पिक व्यवस्था में समय लगने के कारण निर्धारित समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने में कठिनाई होती है
- प्रवेश लेने वाली अधिकतर छात्राएं 10+2 में औसत अथवा औसत से कम प्रतिशत से उत्तीर्ण होती है, जिस कारण इनका श्रेणी सुधार शत प्रतिशत नहीं हो पाता है ।



Scanned by CamScanner




रूसा के अंतर्गत दिनांक 05.12.15 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – परीक्षा परिणामों की समीक्षा एवं कक्षावार परफार्मेंस प्रतिवेदन




Scanned by CamScanner

## विश्वविद्यालयीन परीक्षा–2015 में महाविद्यालयीन छात्राओं का कक्षावार परिणाम

**Table 1 (1) : विज्ञान संकाय – बी.एस–सी.**

| बी.एस–सी. | छात्रा संख्या | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी | उत्तीर्ण प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | 47 | 0 | 08 | 0 | 17.02% |
| द्वितीय वर्ष | 30 | 0 | 19 | 0 | 63.3% |
| तृतीय वर्ष | 27 | 01 | 17 | 0 | 66.6% |

**Table 1 (2) : कला संकाय – बी.ए.**

| बी.ए. | छात्रा संख्या | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी | उत्तीर्ण प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | 57 | 0 | 40 | 0 | 68% |
| द्वितीय वर्ष | 30 | 0 | 15 | 0 | 50% |
| तृतीय वर्ष | 21 | 0 | 21 | 0 | 100% |

**Table 1 (3) : वाणिज्य संकाय – बी. कॉम.**

| बी.कॉम. | छात्रा संख्या | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी | उत्तीर्ण प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | 15 | 0 | 09 | 0 | 60% |
| द्वितीय वर्ष | 03 | 0 | 0 | 0 | 0% |

Scanned by CamScanner

## विश्वविद्यालयीन परीक्षा–2015 में महाविद्यालयीन छात्राओं का कक्षावार परिणाम

**Table 2 (1) :** विज्ञान संकाय – बी.एस–सी.

| बी.एस.सी. | अंग्रेजी | हिन्दी | सूक्ष्मजीवविज्ञान | वनस्पतिविज्ञान | रसायनशास्त्र |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | 68.0% | 100% | 14.8% | 38.7% | 25% |
| द्वितीय वर्ष | 80% | 100% | 76.6% | 89.2% | 86.6% |
| तृतीय वर्ष | 100% | 100% | 74.1% | 100% | 100% |

**Table 2 (2) :** कला संकाय – बी.ए.

| बी.ए. | अंग्रेजी | हिन्दी | समाजशास्त्र | राजनीतिविज्ञान | भूगोल |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | 100% | 100% | 98% | 94.9% | 93% |
| द्वितीय वर्ष | 46.6% | 100% | 100% | 93.3% | 93% |
| तृतीय वर्ष | 100% | 100% | 100% | 95.45% | 100% |


**Table 2 (3) :** वाणिज्य संकाय – बी. कॉम.


| बी कॉम | अंग्रेजी | हिन्दी | वाणिज्य |
|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | 80% | 100% | 46.67% |
| द्वितीय वर्ष | 0% | 100% | 0% |




Scanned by CamScanner

# विश्वविद्यालयीन परीक्षा–2015 में महाविद्यालयीन छात्राओं का विषयवार प्रदर्शन




Scanned by CamScanner




Scanned by CamScanner

## विश्वविद्यालयीन परीक्षा–2015 में महाविद्यालयीन छात्राओं का विषयवार प्रदर्शन

**Table 3 (1) : विज्ञान संकाय**

### बी.एस–सी. – प्रथम वर्ष

| | अंग्रेजी | हिन्दी | वनस्पतिविज्ञान | रसायनशास्त्र | सूक्ष्मजीवविज्ञान |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवेश संख्या | 47 | 47 | 47 | 47 | 47 |
| उत्तीर्ण संख्या | 32 | 47 | 19 | 12 | 07 |
| प्रथम श्रेणी | 01 | 34 | 0 | 01 | 0 |
| उत्तीर्ण प्रतिशत | 68.8% | 100% | 38.7% | 25% | 14.8% |

### बी.एस–सी. – द्वितीय वर्ष

| | अंग्रेजी | हिन्दी | वनस्पतिविज्ञान | रसायनशास्त्र | सूक्ष्मजीवविज्ञान |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवेश संख्या | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| उत्तीर्ण संख्या | 24 | 30 | 25 | 26 | 23 |
| प्रथम श्रेणी | 08 | 23 | 01 | 04 | 04 |
| उत्तीर्ण प्रतिशत | 80% | 100% | 89.2% | 86.6% | 76.6% |

### बी.एस–सी. – तृतीय वर्ष

| | अंग्रेजी | हिन्दी | वनस्पतिविज्ञान | रसायनशास्त्र | सूक्ष्मजीवविज्ञान |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवेश संख्या | 27 | 27 | 27 | 27 | 27 |
| उत्तीर्ण संख्या | 27 | 27 | 27 | 27 | 20 |
| प्रथम श्रेणी | 07 | 01 | 01 | 05 | 01 |
| उत्तीर्ण प्रतिशत | 100% | 100% | 100% | 100% | 74.7% |

Scanned by CamScanner

**Table 3 (2) : कला संकाय**

**बी.ए. – प्रथम वर्ष**

| | अंग्रेजी | हिन्दी | राजनीति विज्ञान | भूगोल | समाजशास्त्र |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवेश संख्या | 57 | 57 | 57 | 57 | 57 |
| उत्तीर्ण संख्या | 57 | 57 | 56 | 53 | 56 |
| प्रथम श्रेणी | 13 | 43 | 21 | 03 | 0 |
| उत्तीर्ण प्रतिशत | 100% | 100% | 94.9% | 93% | 98% |

**बी.ए. – द्वितीय वर्ष**

| | अंग्रेजी | हिन्दी | राजनीति विज्ञान | भूगोल | समाजशास्त्र |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवेश संख्या | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| उत्तीर्ण संख्या | 14 | 30 | 28 | 28 | 30 |
| प्रथम श्रेणी | 0 | 24 | 04 | 04 | 0 |
| उत्तीर्ण प्रतिशत | 100% | 100% | 93.3% | 93% | 100% |

**बी. ए. – तृतीय वर्ष**

| | अंग्रेजी | हिन्दी | राजनीति विज्ञान | भूगोल | समाजशास्त्र |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवेश संख्या | 21 | 21 | 22 | 21 | 22 |
| उत्तीर्ण संख्या | 21 | 21 | 21 | 21 | 21 |
| प्रथम श्रेणी | 04 | 32 | 06 | 0 | 0 |
| उत्तीर्ण प्रतिशत | 100% | 100% | 95.4% | 100% | 98% |



Scanned by CamScanner

**Table 3 (3) : वाणिज्य संकाय**

## बी.कॉम. – प्रथम वर्ष

| | अंग्रेजी | हिन्दी | वाणिज्य |
|---|---|---|---|
| प्रवेश संख्या | 15 | 15 | 15 |
| उत्तीर्ण संख्या | 12 | 15 | 09 |
| प्रथम श्रेणी | - | - | - |
| उत्तीर्ण प्रतिशत | 80% | 100% | 46.7% |

## बी.कॉम. – द्वितीय वर्ष

| | अंग्रेजी | हिन्दी | वाणिज्य |
|---|---|---|---|
| प्रवेश संख्या | 03 | 03 | 03 |
| उत्तीर्ण संख्या | 03 | 03 | 0 |
| प्रथम श्रेणी | - | - | - |
| उत्तीर्ण प्रतिशत | 100% | 100% | 0% |



Scanned by CamScanner

- सूक्ष्मजीव विज्ञान विषय में प्रमुखतः अंग्रेजी माध्यम की पाठ्य पुस्तकें, संदर्भ ग्रंथ, उपलब्ध है । हिन्दी माध्यम में स्तरीय पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नही है जबकि यहॉ प्रवेश लेने वाली छात्राएं प्रमुखतः हिन्दी माध्यम से ही परीक्षा देती हैं अतः उन्हें विषय समझने एवं तैयार करने में दिक्कत होती है ।

महाविद्यालयीन शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने के लिए वर्तमान में निम्नलिखित प्रयास किए जा रहे है :–

- सेमीनार ट्यूटोरियल , विषय संदर्भित परियोजना कार्य, जिससे छात्राऍ लेखन, अभिव्यक्ति तथा अन्य शोध कार्यो में दक्षता प्राप्त कर सकें।
- महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान का आयोजन किया जाता है, जिससे छात्राओं विषय संबंधित सारगर्भित जानकारी प्राप्त हो सके।
- छात्राओं के हितार्थ उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।
- कमजोर छात्राओं की अतिरिक्त कक्षाएं लेकर उनके विषय संबंधित कठिनाइयों को दूर किया जाता है।
- शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है।
- लघु प्रयोगो द्वारा प्रायोगिक अनुभव प्रदान किया जाता है ।

उक्त कार्यशाला में अतिथियों द्वारा सुझाए गए टीप :–

- शैक्षणिक स्टाफ द्वारा वर्षवार परीक्षा परिणामों का विश्लेषण नियमित रूप से किया जाना चाहिए ।
- समीक्षा के फलस्वरूप जो कमियां सामने है, उन पर सुधार कार्य हुआ है इसकी रिपोर्ट भी प्राचार्य को प्रत्येक वर्ष परीक्षा परिणाम के पश्चात उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
- विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान महाविद्यालय में अधिक से अधिक कराये जाने चाहिए ।

Scanned by CamScanner




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 21.12.15 को निकटतम माध्यमिक शालाओं में छात्राओं का उन्मुखीकरण




Scanned by CamScanner

दिनांक –21/12/15

**ग्रास इन्रोलमेंट रेशो (GER) बढ़ाने हेतु निकटतम उच्चतर माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के अभिप्रेरण हेतु शिविर**

**प्रतिभागियों की संख्या** – (120+123+52 = 295)

**उद्देश्य** – उक्त शिविर का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों को उनके विषय से संबधित उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराना साथ ही अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान करना था।

**कार्यशाला का संक्षिप्त विवरण** – शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में वर्तमान में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य की स्नातक कक्षाएँ लगती है जिसमें वाणिज्य संकाय में छात्राओं की प्रवेश संख्या न्यूनतम है। इस समस्या के निदान हेतु निकटतम उच्चतर माध्यमिक शालाओं में पिछले 5 वर्षो में पंजीकृत छात्रा संख्या के आंकडा इकट्ठे किये गए (Table 4) जिससे स्पष्ट होता है कि निकटतम उच्चर माध्यमिक शालाओं में भी वाणिज्य संकाय में प्रवेशित छात्रा संख्या भी कम है साथ ही उन संस्थाओं से उर्त्तीण छात्राऍ, अग्रणी महाविद्यालय में अधिक संख्या में नियमित एवं वरिष्ठ प्राध्यापक कार्यरत् होने के कारण वहॉ प्रवेश ले लेती है एवं अधिक अच्छे प्रतिशत से उर्त्तीण छात्राऍ उच्च शिक्षा के लिये रायपुर या अन्यत्र प्रवेश लेती है । अतः छात्राओं को महासमुंद जिले में स्थित इस महाविद्यालय की जानकारी देने हेतु दिनांक 21 दिसम्बर 2015 को आशी बाई गोलछा शा.उ.माध्यमिक शाला महासमुंद एवं शिशु संस्कार केन्द्र महासमुन्द में विद्यार्थियों के अभिप्रेरण हेतु शिविर आयोजित किया गया । दिनांक 07 जनवरी 2016 को यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुन्द में आयोजित किया गया।

**Table 4 :** वर्ष 2015–16 में निकटतम शालाओं में 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या

| **विद्यालय का नाम** | **विज्ञान** | **कला** | **वाणिज्य** |
|---|---|---|---|
| केन्द्रीय विद्यालय महासमुंद | 20 | 0 | 16 |
| छत्तीसगढ़ उ. माध्यमिक शाला महासमुंद | 28 | 8 | 2 |
| शिशु संस्कार केन्द्र महासमुंद | 45 | 0 | 26 |
| आशी बाई गोल्छा शा.उ. माध्यमिक शाला | 77 | 124 | 61 |
| शास. उ. मा. शाला बेलसोंडा महासमुंद | 19 | 25 | 7 |
| **कुल संख्या** | **189** | **157** | **112** |



Scanned by CamScanner




रूसा के अंतर्गत दिनांक 21.12.2015 को निकटतम उच्चतर माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण




Scanned by CamScanner

इस शिविर में 12वीं के जीव विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के छात्रों को उनके क्षेत्र में उपलब्ध उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। महाविद्यालय द्वारा संचालित बी.एस.सी. पाठ्यक्रम में सूक्ष्मजीवविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान एवं रसायनशास्त्र पढ़ाये जाते है। सूक्ष्मजीवविज्ञान से खाद्य विभाग में फूड इंस्पेक्टर, क्वालिटी कंट्रोलर, माइक्रोबायोलॉजिस्ट जैसे पदों पर नियुक्ति संभव है। इसी प्रकार हेल्थ केयर के क्षेत्र में चिकित्सा संबधी पी.जी.डिप्लोमा उपरांत लेब टेक्निशियन, इमेरजेन्सी मेडिकल टेक्निशियन एवं पैथोलाजिस्ट बनने में मदद मिलती है, साथ ही थोड़े से प्रशिक्षण के पश्चात अगर छात्राएं चाहें तो मशरूम उत्पादन, जैविक उर्वरक उत्पादन, फूड प्रोसेसिंग इकाई का स्वयं संचालन कर सकती है। इसके लिये सरकारी सहायता भी प्राप्त होती है इसके अलावा यदि छात्राएं स्नातकोत्तर शिक्षा भी पूर्ण करती है तो उन्हें आसानी से एक लाख पचास हजार से दो लाख पचास हजार या उससे ज्यादा का पैकेज वाले सरकारी एवं निजि क्षेत्र के रोजगार आसानी से प्राप्त हो सकतें है। इसके अर्न्तगत रिसर्च असिस्टेंट, व्याख्याता, क्वालिटी कन्ट्रोलर एवं माइक्रोबायोलॉजिस्ट जैसे पद आ सकते हैं।

वाणिज्य संकाय से जुड़े विद्यार्थी चार्टर एकाउन्टेन्ट, कम्पनी सेक्रेटरी, आई.सी.डब्ल्यू.ए. एवं बैंकिग क्षेत्रों से जुड सकते हैं। स्नातक उत्तीर्ण करने के पश्चात विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होते हुए आयकर विभाग, सांख्यिकि विभाग, बैंकिग सेक्टर, अन्य राज्य व केन्द्रीय शासकीय विभागों में सर्विस प्राप्त की जा सकती है। इसके अर्न्तगत एम.बी.ए., एम.बी.एम. आदि स्नातकोत्तर शिक्षा के पश्चात शासन द्वारा विभिन्न परीक्षाऍ आयोजित की जाती है जैसे यू.जी.सी. नेट तथा सेट, जिन्हे उत्तीर्ण करने के पश्चात उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण के अवसर प्राप्त किये जा सकते है।



Scanned by CamScanner



रूसा के अंतर्गत दिनांक 21.12.15 को निकटतम उच्चतर माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण



Scanned by CamScanner

Name of the School...Kendriya Vidyalaya School
BTI Road, Mahasamund

Morning/Evening shift: 7:20 - 1:40
Contact No: 07723 222436

| Year | Number of Admission in Science (class 12) | | Number of Admission in arts (class 12) | | Number of Admission in commerce (class 12) | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | |
| 2015-16 | 20 | 17 | - | - | 16 | 18 | 71 |
| 2014-15 | 13 | 18 | - | - | 13 | 10 | 54 |
| 2013-14 | 9 | 5 | - | - | 10 | 19 | 43 |
| 2013-12 | | | - | - | | | 52 |
| 2011-12 | | | - | - | | | 27 |

Result 2014-15 Science (100%) commerce (100%).

प्राचार्य / Principal
(Name and Signature of the Principal)
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya
महासमुन्द / MAHASAMUND
पिन / Pin 493445 (छ.ग.) CG

Name of the School...Chattisgarh Higher Secondary School.

Morning/Evening shift: 7:50 - 12:10
Contact No.

| Year | Number of Admission in Science (class 12) | | Number of Admission in arts (class 12) | | Number of Admission in commerce (class 12) | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | |
| 2015-16 | 28 | 193 | 8 | 19 | 2 | 21 | |
| 2014-15 | 23 | 105 | 7 | 26 | 4 | 19 | |
| 2014-13 | 28 | 114 | 9 | 31 | 7 | 28 | |
| 2013-12 | 23 | 137 | 9 | 29 | 2 | 38 | |
| 2011-12 | 17 | 128 | 6 | 40 | 0 | 40 | |

12th Result: Science (75%) Arts (81.8%) commerce (60.8%)
2014-15

...1-16
Principal
Chhattisgarh Hr. Sec. School
Mahasamund
(Name and Signature of the Principal)

Scanned by CamScanner

Name of the School: शिशु संस्कार केन्द्र महासमुंद

Morning/Evening shift: 11:45 – 4:15 pm

Contact Nos - 8982689795

| Year | Number of Admission in Science (class 12) | | Number of Admission in arts (class 12) | | Number of Admission in commerce (class 12) | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | |
| 2015-16 | 46 | 40 | | | 26 | 22 | |
| 2014-15 | 66 | 40 | | | 33 | 37 | |
| 2014-13 | 24 | 35 | | | 21 | 51 | |
| 2013-12 | 32 | 49 | | | 33 | 45 | |
| 2011-12 | 54 | 84 | | | 15 | 35 | |

Result 2014-15 95% science 89% Commerce

(Sorala Soni)
PRINCIPAL
Higher Secondary School
Shishu Sanskar Kendra, Mahasamund

(Name and Signature of the Principal)

---

Name of the School: Ashi Bai Golchha Govt Adarsh Girls Higher Secondary School, Mahasamund CG.

Morning/Evening shift: 12:30 – 4:30

Contact No

| Year | Number of Admission in Science (class 12) | | Number of Admission in arts (class 12) | | Number of Admission in commerce (class 12) | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | |
| 2015-16 | 77 | | 124 | | 61 | | |
| 2014-15 | 88 | | 120 | | 100 | | |
| 2014-13 | 96 | | 130 | | 96 | | |
| 2013-12 | 77 | | 125 | | 82 | | |
| 2011-12 | 89 | | 130 | | 98 | | |

Result 2014-15 - 94% (Science) 78% (Arts) (96% Commerce 100% Banking)

PRINCIPAL
Ashi Bai Golchha Govt. Adarsh Girls H.S.S. Mahasamund (C.G.)

(Name and Signature of the Principal)

Name of the School............................................

Scanned by CamScanner

Name of the school....शास. उ.मा. वि. बेलसोंडा जिला महासमुंद

contact no......9.6.6.96 55152

morning/evening shift evening. shift.

| session | Nos of Admission in class 12 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Science | | Arts | | Commerce | | |
| | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Total |
| 2015-16 | 19 | 22 | 25 | 12 | 07 | 12 | 97 |
| 2014-15 | 32 | 19 | 7 | 13 | 15 | 8 | 94 |
| 2013-14 | 8 | 9 | 23 | 16 | 12 | 9 | 77 |
| 2012-13 | 14 | 15 | 16 | 13 | 9 | 9 | 76 |
| 2011-12 | 13 | 12 | 20 | 18 | 2 | 5 | 70 |

Result of class 12 year 2014-15

Science....18.....Arts.....46.Commerce 6

कुल दर्ज - 95

उत्तीर्ण - 70

प्रतिशत 74.46

Principal

Seal & signature

11.1.16

PRINCIPAL

Govt. Hr.Sc. School BELSOND

Distt-Mahasamund (C.G.)

Scanned by CamScanner




Scanned by CamScanner

# राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

विषय :– **''विद्यार्थियों हेतु कैरियर ओरियेन्टेशन कार्यशाला ''**

दिनांक :– **30 दिसंबर 2015**

**कार्यकम की रूपरेखा :–**

10.00 –पंजीयन प्रारंभ

11.00 –उद्घाटन समारोह

–सरस्वती पूजन

–कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वेतलाना नागल, रूसा संयोजक

–अतिथियों का स्वागत

–स्वागत भाषण : प्राचार्य डॉ. सरिता सिन्हा

11.30 –प्रथम सत्रः– अतिथि व्याख्यान

प्रथम वक्ता– **डॉ. शीला श्रीधर,** प्राध्यापक भूगोल एवं
संयोजक कैरियर गाईडेंस एवं प्लेसमेंट सेल
शा.दू.ब.स्नातकोत्तर (स्वशासी) कन्या महाविद्यालय रायपुर

द्वितीय वक्ता :– **श्री ए.ओ.लारी,** उपसंचालक रोजगार एवं जिला रोजगार अधिकारी महासमुंद

01.30 –स्वल्पाहार

02.00 –द्वितीय सत्र : 1. रिस्यूम तैयार करने का प्रशिक्षण – डॉ. स्वेतलाना नागल, सहायक प्राध्यापक
2. साक्षात्कार संबंधित आवश्यक जानकारी – डॉ. निधि मिश्रा, सहायक प्राध्यापक

धन्यवाद ज्ञापन –डॉ. सरस्वती वर्मा

राष्ट्रगान एवं कार्यकम समाप्ति की घोषणा

Scanned by CamScanner




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 30.12.15 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – कैरियर ऑरियेन्टेशन




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 30.12.15 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – कैरियर ऑरियेन्टेशन

Scanned by CamScanner

**दिनांक –30/12/16**

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**विषय** – विद्यार्थियों हेतु कैरियर ओरियेंटेशन कार्यशाला

**प्रतिभागियों की संख्या – 63**

**उद्देश्य** – इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को उनके विषय से संबंधित उच्च शिक्षा के अवसर एवं रोजगार के संदर्भ में जानकारी प्रदान करना था जिससे उनका भविष्य उज्जवल बन सके।

**कार्यशाला का संक्षिप्त उल्लेख** – दिनांक 30 दिसम्बर 2016 को महाविद्यालय में कैरियर ओरियेंटेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अतिथि वक्ता के रूप में उपसंचालक रोजगार एवं जिला रोजगार अधिकारी श्री ए.ओ. लारी एवं शास. दू.ब. स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय रायपुर से भूगोल विषय की प्राध्यापक एवं कैरियर कांउसलिग तथा प्लेसमेंन्ट सेल की संयोजक डॉ. शीला श्रीधर उपस्थित थे।

वक्ताओं द्वारा उद्बोधन में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें युवाओं को कौशल विकास के अर्न्तगत कम्प्यूटर प्रशिक्षण, इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर जैसे कई प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुखी क्षेत्रों से परिचित कराया गया तथा स्वयं के व्यक्तित्व विकास संबधी जैसे स्पोकन इंग्लिश, ग्रुप डिस्कशन आदि विषयों पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।

यह कार्यशाला अत्यधिक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद रही। इस कार्यशाला में छात्राओं को बायोडाटा तैयार करने हेतु आवश्यक जानकारी भी दी गई । उक्त कार्यशाला में अतिथियों द्वारा निम्न सुझाव दिये गये :–

- स्नातक के प्रारंभ में ही लक्ष्य निर्धारित कर लें ताकि स्नातक पश्चात् विद्यार्थी अवसाद का शिकार न हो।
- ऐसी व्यवस्था की जाए कि स्नातक (तीन वर्ष ) का कोर्स पूर्ण होने तक छात्राएं कम से कम एक या दो कौशल में दक्ष हो सकें ताकि स्नातक पश्चात कैरियर का रास्ता खुला हुआ हो।
- कौशल विकास के साथ–साथ आवश्यक वित्त व्यवस्था, बाजार की उपलब्धता संबंधी जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की जानी चाहिए ।



Scanned by CamScanner




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 30.12.15 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – कैरियर ऑरियेन्टेशन




Scanned by CamScanner

## राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

विषय :– **"उच्चशिक्षा का विस्तार एवं गुणवत्ता सुधार"**

दिनांक : **19.01.2016**

**कार्यक्रम की रूपरेखा :–**

प्रातः 10.00 – पंजीयन एवं स्वल्पाहार

11.00 – उद्घाटन

– सरस्वती पूजन

– अतिथियों का स्वागत

– कार्यक्रम का संचालन **डॉ. सरस्वती वर्मा**

– स्वागत भाषण – **प्राचार्य डॉ. सरिता सिन्हा**

दोपहर 11.30 –प्रथम सत्र

प्रथम वक्ता –**डॉ. ए.एल.पटेल**, प्राचार्य,
स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह
शासकीय महाविद्यालय, सरायपाली

द्वितीय वक्ता –**डॉ. आभा तिवारी**, प्राचार्य,
चन्द्रपाल डडसेना शासकीय महाविद्यालय, पिथौरा

01.30 –भोजन

02.00 –द्वितीय सत्र : **विचार विमर्श एवं सुझाव**

धन्यवाद ज्ञापन – **डॉ. स्वेतलाना नागल**, रूसा संयोजक

राष्ट्रगान एवं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा

Scanned by CamScanner




Scanned by CamScanner

**दिनांक – 19/1/2016**
राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**विषय** :– उच्च शिक्षा का विस्तार एवं गुणवत्ता सुधार।

**प्रतिभागियों की संख्या – 32**

**उद्देश्य** – इस कार्यशाला का उद्देश्य उच्च शिक्षा का विस्तार एवं गुणवत्ता सुधार के लिए विचार मंथन कर समस्याओं के निराकरण संबधी सुझाव प्रस्तुत करना था ।

**कार्यशाला का संक्षिप्त उल्लेख** – दिनांक 19 जनवरी 2016 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. ए.एल. पटेल, प्राचार्य स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शास. महाविद्यालय सरायपाली एवं डॉ आभा तिवारी प्राचार्य, चन्द्रपाल डडसेना शास. महाविद्यालय नयापारा खुर्द, पिथौरा, महाविद्यालय उपस्थित थे।

वक्ताओं द्वारा उद्बोधन में कहा गया कि उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए सर्वप्रथम पूर्व में स्थापित महाविद्यालयों की आधारभूत आवश्यकताएं जैसे नियमित प्राध्यापकों की नियुक्ति, भवन व तकनीकी संसाधनों की समय से पूर्ति के बिना उच्च शिक्षा में गुणवत्ता एवं विस्तार की अपेक्षा करना निरर्थक है।

वर्तमान परीक्षा प्रणाली में परिवर्तन की आवश्यकता है। कम्प्यूटर की अनिवार्य जानकारी तथा अंग्रेजी भाषा का ज्ञान दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों के (डिस्टेंस एजुकेशन) लिए अतिआवश्यक है । उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए स्कूली शिक्षा की नींव मजबूत होनी चाहिए ।

वक्ताओं ने यह भी अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योग्यता की कमी नहीं है परन्तु योग्य एवं शिक्षित युवा वर्ग के पलायन को रोकना हमारे समाज के लिए एक चुनौती है क्योंकि इसे अगर समय रहते रोका नही गया तो देश का विकास प्रभावित होगा। शिक्षा प्रणाली को समाज के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से जोड़ा जाना चाहिए। उच्च शिक्षा में नवाचार, अनुसंधान की महती आवश्यकता है । इस प्रकार वक्ताओं का उद्बोधन अत्यधिक ज्ञानवर्धक व जानकारियों से परिपूर्ण था। कार्यशाला के द्वितीय चरण में परिचर्चा रखी गई जिसमें रूसा के उद्देश्य से संदर्भित विषय निहित थे। प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित



Scanned by CamScanner



रूसा के अंतर्गत दिनांक 19.01.16 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – उच्च शिक्षा का विस्तार एवं गुणवत्ता सुधार




Scanned by CamScanner




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 19.01.16 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – उच्च शिक्षा का विस्तार एवं गुणवत्ता सुधार



Scanned by CamScanner

किया गया था । प्रत्येक समूह ने प्रदत्त विषय पर विचार मंथन कर निम्नलिखित सुझाव दिये :–


- महाविद्यालय की प्रयोगशाला, पुस्कालय एवं अध्यापन कक्षों को बेहतर संसाधनों से सुसज्जित किया जाना चाहिए।
- नवीन तकनीकों का उपयोग बढ़ाने हेतु कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें तकनीक उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
- गुणवत्ता एवं विस्तार हेतु आगामी वर्ष की योजना तैयार कर शासन को दें तथा सत्र प्रारम्भ में योजना से सम्बधित संसाधन , बजट महाविद्यालय को उपलब्ध हो तथा सत्रांत तक एक नवीन रिपोर्ट शासन को जाना चाहिए तथा कमी एवं लाभ को देखते हुए योजना का विश्लेषण होते रहना चाहिए ।



Scanned by CamScanner




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 19.01.16 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – उच्च शिक्षा का विस्तार एवं गुणवत्ता सुधार



Scanned by CamScanner

**दिनांक –25/01/2016**

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अर्न्तगत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**विषय** :– ऑकड़ा संग्रहीकरण एवं प्रतिवेदन निर्माण

**प्रतिभागियों की संख्या – 11**

**उद्देश्य** – उक्त कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालयीन शिक्षण एवं कार्यलयीन संबधी उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न आंकड़ों का संग्रहीकरण एवं उन्हें सुरक्षित रखने के लिए किये जाने वाले प्रयासों से अवगत होना तथा प्रतिवेदन निर्माण पर चर्चा करना था ।

**कार्यशाला का संक्षिप्त उल्लेख** – दिनांक 25/01/2016 को राष्ट्रीय उच्चतर अभियान के अर्न्तगत आंकड़ा संग्रहीकरण एवं प्रतिवेदन निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के अर्न्तगत महाविद्यालय के संचालन हेतु संबधित शाखा जैसे स्थापना शाखा, लेखा, भण्डार, क्रय, आवक जावक , छात्रवृति, ग्रंथालय, एवं वाचनालय क्रीडा, पाठ्येत्तर गतिविधि शाखा, कम्प्यूटर शाखा के अर्न्तगत आने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। शासन के आदेशानुसार इन सभी शाखाओं से संबधित आंकड़ों/अभिलेखों का कम्प्यूटर में दर्ज होना आवश्यक है, परन्तु कम्प्यूटर की कमी, प्रशिक्षित डाटा ऑपरेटरों की कमी एवं स्टाफ की कमी के चलते सभी नए एवं पुराने अभिलेखों का कम्पयूटरीकरण अभी पूरा नही हो पाया है इस कारण कुछ शाखाओं की जानकारी अभी केवल मेन्युअल रिकार्ड में ही रखी जा रही है। उक्त कार्यशाला में फाइलों एवं अभिलेखों को दीमक एवं आग से सुरक्षित रखने संबधित चर्चा की गयी एवं सुझाव भी दिए गए। आगामी वर्षों में आग बुझाने के उपकरण एवं नई आलमारियों के क्रय के प्रस्ताव भी दिये गये।

विद्यार्थी से संबधित डाटा तैयार करने हेतु रिजल्ट एनालिसिस सॉफ्टवेयर एवं अंन्य जानकारी हेतु CHIPS रायपुर से सम्पर्क किया जाने का प्रस्ताव भी दिया गया । इसी प्रकार ग्रंथालय संबधी सॉफ्टवेयर लाइब्रेरी मेनेजर एवं लाइब्रेरी नेटवर्क संबधी चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला द्वारा शैक्षणिक स्टाफ को कार्यालयीन व्यवस्था से अवगत कराया गया तथा निम्न सुझाव भी दिये गये :–

- पर्याप्त संख्या में कम्प्यूटर की व्यवस्था हो।

Scanned by CamScanner




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 25.01.16 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – ऑकड़ा संग्रहीकरण एवं प्रतिवेदन निर्माण



Scanned by CamScanner

- कम्प्यूटर इंटरनेट, वाई फाई की व्यवस्था होनी चाहिए । नवीन सॉफ्टवेयर्स का उपयोग किया जाना चाहिए।
- कम्प्यूटर सेवा से संबधित रख रखाव हेतु अलग से बजट का प्रावधान होना चाहिए।
- नवीन सॉफ्टवेयर्स पर कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए ।



Scanned by CamScanner




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 25.01.16 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – ऑकड़ा संग्रहीकरण एवं प्रतिवेदन निर्माण




रूसा के अन्तर्गत दिनांक 25.01.16 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला
विषय – ऑकड़ा संग्रहीकरण एवं प्रतिवेदन निर्माण

Scanned by CamScanner